झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 10 / 24 – 64 ,राँची / दिनांकः 17/ 10 / 2024

ए0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024; जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024 एवं बी॰एससी॰ नर्सिंग (बेसिक / पोस्ट–बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024 के परीक्षाफल प्रकाशन (Result Publication) एवं प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार से संबंधित सूचना

दिनांक–28.09.2024 को आयोजित बी0एससी0 नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (Basic/Post-Basic) – 2024 एवं दिनांक–29.09.2024 को आयोजित ए0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024 तथा जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024 में सम्मिलित हुए परीक्षार्थियों को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि उक्त परीक्षाओं का परीक्षाफल जारी कर दिया गया है जिसे पर्षद के अधिकृत वेबसाईट http://jceceb.jharkhand.gov.in के Homepage पर Result Column में प्रतियोगिता परीक्षा का नाम चुनकर, दिये गये निर्देशों का पालन करते हुए परीक्षाफल अधःभारित (Download) कर सकते हैं।

परीक्षाफलों को अधिक पारदर्शी बनाने के मद्देनजर सभी परीक्षार्थियों के Answer OMR Sheets को स्कैन कर उपरोक्त वर्णित वेबसाईट पर भारित (Upload) कर दिये गये हैं जिसे दिनांक–17.10.2024 से अधःभारित किया जा सकता है।

2. राज्य के नर्सिंग संस्थानों (सरकारी नर्सिंग संस्थानों के सभी सीटों एवं गैर–सरकारी संस्थानों के 50% मुक्त सीटों) के ANM/GNM एवं B.Sc Nursing (Basic/Post-Basic) पाठ्यक्रमों में नामांकन की अनुशंसा हेतु प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार दिनांक–18.10.2024 से आयोजित की जा रही है।

3. स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के झारखण्ड राज्यांतर्गत नर्सिंग संस्थानों के प्रबंधन, नामांकन एवं परीक्षा संचालन (संशोधन) नियमावली, 2024 के आलोक में नर्सिंग पाठ्यक्रमों के प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षाओं के परीक्षाफल में उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। नर्सिंग पाठ्यक्रमों प्रवेश परीक्षाओं में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के **http://jceceb.jharkhand.gov.in** के डाउनलोड कॉलम में देखी जा सकती है।

4. नर्सिंग पाठ्यक्रमों ANM/GNM एवं B.Sc Nursing (Basic/Post-Basic) की सीटों के आवंटन हेतु आयोजित प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार का कार्यक्रम निम्न प्रकार है :–

Time Schedule for 1st Round of Online Counselling for Nursing Courses

Sl. No.	Activity	Date
1.	Online Registration, Uploading of documents and Choice Filling for seat Allotment	18.10.2024 to 22.10.2024
2.	Editing in filled up choices if needed	23.10.2024
3.	Issue of Provisional seat Allotment Letter	25.10.2024
4.	Documents Verification and Admission in the concerned nursing Institute	26.10.2024 to 30.10.2024

5. ए0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024; जी0एन0एम0 प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024 एवं बी॰एससी॰ नर्सिंग (बेसिक / पोस्ट–बेसिक) प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2024 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची में शामिल सभी अभ्यर्थी उपलब्ध संस्थानों / पाठ्यक्रमों में से अपने लिये पाठ्यक्रम / संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध Click here for All Online Counselling JCECEB-2024 Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों का चयन कर लें। **विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।**

6. वांछित प्रमाण पत्रों यथा स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है।

7. बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट बेसिक पाठ्यक्रम की सीटों का आवंटन निम्न प्राथमिकता क्रम के अनुसार की जायेगी :–

क) ''ए'' ग्रेड नर्स के रूप में झारखण्ड सरकार के अधीन सरकारी सेवा में कार्यरत कर्मी।

ख) अनुबंध पर झारखण्ड सरकार के अधीन कार्यरत ''ए'' ग्रेड नर्स।

ग) गैर सरकारी संस्थानों में कार्यरत ''ए'' ग्रेड नर्स।

अतः बी0एससी0 नर्सिंग पोस्ट बेसिक (B.Sc. Nursing Post-Basic) के अभ्यर्थी को अपना सेवा प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है।

8. **साक्षात्कार शुल्कः–** अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

Sl.No.	Category	Counselling Fee
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	Female Candidate of all categories	Rs. 250.00

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा॰प्र॰से॰)
उप परीक्षा नियंत्रक